**Term of Reference**
**Senior Consultant-Injection Safety (NVHCP, MoH&FW)**

National Health Systems Resource Centre (NHSRC), New Delhi on behalf of Ministry of Health & Family Welfare is seeking applications from qualified candidates for the above mentioned post purely on contractual basis;

**Roles and Responsibilities:**

- **Provide technical assistance in the area of specialty** for facilitating the implementation of the 'National Viral hepatitis Control Program and achieving the yearly physical and financial targets at various levels.
- **Ensure implementation of Standard Operating procedures**, Biomedical-Waste Management and Bio-safety guidelines and implementation of Internal Quality Control and participation in External Quality Assessment Scheme (EQAS) in all laboratories under the initiative.
- **EnsuringInjectionsafetymeasures**inthevariouslaboratoriesundertheinitiative
- **Reviewing of the latest advancements** in diagnosis and management of viral Hepatitis
- **Supervise** through on site visits and provide technical support for strengthening of state and District Laboratories under the initiative;
- **Ensure timely submission of reports** on laboratory tests carried out in state and district laboratories to the NVHMU
- **Regular monitoring** of the functioning of District Laboratories and State referral lab network under the initiative and coordinate with IDSP for the same;
- **Willingness to travel to states & districts** to provide technical assistance & ability to work on different assignments simultaneously to meet the timelines for assignments.
- **Participate in epidemic/outbreak investigation** as member of Rapid Response Team(RRT) for viral hepatitis as and when required and provide support for sample collection and transport of specimens
- **Undertake review of literature** and stay up-to-date on current trends in health systems strengthening with regard to the initiative for prevention and control of viral hepatitis.
- **Collect and analyze state and national data** on components of the initiative on regular basis.
- **Responsible for Program Implementation Plan** of States (PIP) state PIP-through coordinating and incorporating inputs for the initiative.
- **Budgeting and financial planning** for the program
- **Building capacities at district and state level** under the initiative.
- **Facilitate all work related to EQAS periodically**
- Develop **study / evaluation protocols / guidelines** and undertake and guide research studies as needed.
- Undertake other assignments, which may be assigned from time to time by the Reporting Authority.

**Eligibility Criteria:**

***Essential Qualifications and Experience***

MBBS recognized by Medical Council of India (MCI) with post graduation in Medical Microbiology/Lab. Medicine / public health;

***Minimum Experience***

At least 3 years relevant experience after acquiring postgraduate qualifications in implementation/service delivery for a National Program or in laboratory work

***Other Desirable Skills***

- Computer proficiency with high level of familiarity with commonly used packages like MS Word, Excel, Power Point & Web surfing to search relevant data & documents.
- Excellent communication and presentation skills, analytical and interpersonal abilities, excellent oral and written communication skills in English. Working knowledge of Hindi also desirable
- Ability to work in a multi-disciplinary team environment.
- Experience in operationalizing health program at field level.

**Age**: Upto 45 years as on last date for receiving application according to the advertisement.
**Remuneration:** Rs 90,000-1, 50,000/- (Rupees ninety thousand to one lakh fifty thousand per month)

**How to apply:** Candidates are requested to fill the online application correctly which is available on the NHSRC website (http://nhsrcindia.org). Applications will be accepted in the prescribed online application format only. The last date for receiving applications is **1-Nov-2021.**

**भर्ती हेतु सूचना**
**वरिष्ठ परामर्शदाता– इंजेक्शन सुरक्षा (एनवीएचसीपी)**

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्लू) की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

**भूमिकाएं और दायित्वः**

- 'राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम' के कार्यान्वयन में सहयोग करने और विभिन्न स्तरों पर वार्षिक भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए **विशेषज्ञता के क्षेत्र में तकनीकी सहायता प्रदान करना।**
- इस पहल के तहत सभी प्रयोगशालाओं में **मानक प्रचालन प्रक्रियाओं**, जैव चिकित्सा–अपशिष्ट प्रबंधन और जैव–सुरक्षा दिशानिर्देशों और आंतरिक गुणवत्ता नियंत्रण के **कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना** और बाहरी गुणवत्ता मूल्यांकन योजना (ईक्यूएएस) में भागीदारी करना।
- पहल के तहत विभिन्न प्रयोगशालाओं में **इंजेक्शन सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करना।**
- वायरल हेपेटाइटिस के निदान और प्रबंधन में **नवीनतम प्रगति की समीक्षा करना।**
- कार्यस्थल के दौरों के माध्यम से **पर्यवेक्षण करना** और पहल के तहत राज्य और जिला प्रयोगशालाओं को सुदृढ़ करने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करना;
- राज्य और जिला प्रयोगशालाओं में किए गए प्रयोगशाला परीक्षणों की रिपोर्टों को एनवीएचएमयू को **समय पर भेजना सुनिश्चित करना**;
- इस पहल के तहत जिला प्रयोगशालाओं और राज्य रेफरल प्रयोगशाला नेटवर्क के कामकाज की **नियमित निगरानी करना** और इसके लिए आईडीएसपी के साथ समन्वय करना;
- तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के लिए **राज्यों और जिलों की यात्रा करने का इच्छुक** और निर्धारित समय सीमा में कार्यों को पूर्ण करने के लिए एक साथ विभिन्न कार्य करने की योग्यता।
- आवश्यकता पड़ने पर वायरल हेपेटाइटिस के लिए त्वरित प्रतिक्रिया टीम (आरआरटी) के सदस्य के रूप में **महामारी/प्रकोप जांच में भागीदारी करना** और नमूना संग्रह और नमूने के परिवहन में सहयोग प्रदान करना।
- **साहित्य की समीक्षा करना** और वायरल हेपेटाइटिस की रोकथाम और नियंत्रण के लिए पहल के संबंध में स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने में मौजूदा चलन की अद्यतन जानकारी रखना।
- नियमित आधार पर पहल के घटकों पर **राज्य और राष्ट्रीय डेटा एकत्रित करना और उनका विश्लेषण करना।**
- पहल के लिए समन्वय और इनपुट को शामिल कर राज्यों की **कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) के लिए जिम्मेदार।**
- कार्यक्रम के लिए बजट और वित्तीय योजना तैयार करना।
- पहल के तहत **जिला और राज्य स्तर पर क्षमता निर्माण करना।**
- **ईक्यूएएस से संबंधित सभी कार्यों में समय–समय पर सहयोग प्रदान करना।**
- **अध्ययन/मूल्यांकन प्रोटोकॉल/दिशा निर्देश तैयार करना** और आवश्यकतानुसार अनुसंधान अध्ययन करना और/या मार्गदर्शन करना।
- रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

**पात्रता मापदंडः**

**अनिवार्य योग्यताएं एवं अनुभवः**

**I.** भारतीय चिकित्सा परिषद (एमसीआई) द्वारा मान्यताप्राप्त एमबीबीएस उपाधि के साथ मेडिकल माइक्रोबायोलाजी/प्रयोगशाला चिकित्सा/जन स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर उपाधि।

**II. न्यूनतम अनुभवः**

स्नातकोत्तर उपाधि उपरांत किसी राष्ट्रीय कार्यक्रम के कार्यान्वयन/सेवा प्रदायगी या प्रयोगशाला कार्य में न्यूनतम 3 वर्षों का सुसंगत अनुभव।

**अन्य वांछनीय कौशल**

- आम तौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले पैकेजों, जैसे कि एमएस–वर्ड, एक्सेल, पॉवर पाइंट और सुसंगत डेटा एवं दस्तावेजों को तलाशने के लिए वेब सर्फिंग की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में प्रवीणता।
- उत्कृष्ट संप्रेषण तथा प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक क्षमताएं, अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- विविध प्रकार के टीम परिवेश में कार्य करने की क्षमता।
- फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम को क्रियान्वित करने का अनुभव।

**आयु सीमाः** विज्ञापन के अनुसार आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 45 वर्ष तक।

**पारिश्रमिकः** 90,000–1,50,000/– रु. प्रति माह

**आवेदन करने के लिएः** अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध आवेदन को ठीक से भरें। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदनों को प्राप्त करने की अंतिम तिथि **1-Nov-2021** है।